गृह मंत्रालय

# केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज हरियाणा के कुरुक्षेत्र में नये आपराधिक कानूनों पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन और हरियाणा सरकार के लगभग 900 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया

## हमारी सरकारों ने हरियाणा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी, पहली बार संकुचित दृष्टि से मुक्त होकर हर ज़िले और जाति की सरकार देने का काम किया है

## एक समय नौकरी देने के लिए बदनाम रहे हरियाणा में आज 'बिना पर्ची, बिना खर्ची' सिर्फ मेरिट के आधार पर नौकरियाँ मिलती हैं, यह हमारी सरकार की बड़ी उपलब्धि है

## प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के Citizen First, Dignity First और Justice First के मूल मंत्र नए आपराधिक कानूनों के आधार हैं

## नए कानूनों के कारण हरियाणा का दोष सिद्धि दर 40% से दोगुना बढ़कर 80% से अधिक हो गया है, इसके लिए हरियाणा सरकार को बधाई

## हरियाणा में 71% चार्जशीट 60 दिनों में और 83% चार्जशीट 90 दिनों में दाखिल हुई, जो बताता है कि हमें शुरुआती सफलता मिली है

## मोदी सरकार में पुलिस डंडे की जगह डाटा और थर्ड डिग्री की जगह

# साइंटिफिक एविडेंस पर काम कर रही है

# नए कानूनों के माध्यम से पुलिस, जेल, न्यायपालिका, अभियोजन और फॉरेंसिक के पांचों स्तंभों को ऑनलाइन जोड़ दिया गया है

# नए कानूनों में ई-FIR के प्रावधान के कारण अब महिलाओं को FIR दर्ज कराने के लिए थाने नहीं जाने पड़ता

# नए कानून के तहत विदेश भागे अपराधियों पर उनकी अनुपस्थिति में ट्रायल हो सकेगा

# गृह मंत्रालय के प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 14.80 लाख पुलिसकर्मी, 42 हज़ार जेल अधिकारी, 19 हजार कोर्ट से जुड़े और 11 हजार लोक अभियोजन से जुड़े लोग प्रशिक्षित

# अगर 140 करोड़ भारतीय स्वदेशी वस्तुएं अपनाए, तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाजार बन जाएगा और हमारी अर्थव्यवस्था विश्व की शीर्ष अर्थव्यवस्थाओं में गिनी जाएगी

# 2047 में दुनिया में हर क्षेत्र में श्रेष्ठ भारत का रास्ता स्वदेशी के संकल्प से होकर ही जाएगा

Posted On: 03 OCT 2025 6:59PM by PIB Delhi

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने आज कुरुक्षेत्र, हरियाणा में नये आपराधिक कानूनों पर राज्य स्तरीय प्रदर्शनी का उद्घाटन व हरियाणा सरकार के विभिन्न विकास कार्यो का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी और केन्द्रीय गृह सचिव श्री गोविंद मोहन सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने सम्बोधन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि आज यहां नायब सिंह सैनी सरकार ने कुल लगभग 900 करोड़ रूपए के 4 विकास कार्यों का लोकार्पण और 8 कार्यों का शिलान्यास करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि लगातार तीसरी बार हरियाणा की जनता ने हमें बहुमत दिया है और हमारी सरकारों ने हरियाणा के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी है। हमारी सरकार ने पहली बार संकुचित दृष्टि से मुक्त होकर हर ज़िले और जाति की सरकार देने का काम किया है। श्री शाह ने कहा कि हरियाणा में हमारी सरकार की अनेक उपलब्धियों में से सबसे बड़ी उपलब्धि खर्ची और पर्ची के बिना मेरिट के आधार पर युवाओं को नौकरी देना है।

श्री अमित शाह ने कहा कि अंग्रेज़ों के बनाए गए तीन आपराधिक कानूनों को समाप्त कर मोदी सरकार द्वारा लाए गए तीन नए आपराधिक कानूनों की जानकारी देने के लिए आज यहां एक विशाल प्रदर्शनी भी लगाई गई है। गृह मंत्री ने कहा कि हर FIR का तीन साल में पूर्ण निपटारा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि पुराने कानून अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए थे जिनका उद्देश्य अंग्रेज़ी शासन व्यवस्था को बरकरार रखना था। श्री शाह ने कहा कि 15 अगस्त, 1947 को हमें आज़ादी तो मिल गई थी लेकिन ब्रिटिश संसद द्वारा बनाए गए कानूनों से मुक्ति नहीं मिली थी। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में 1 जुलाई, 2024 से अंग्रेज़ों द्वारा बनाए गए तीन कानून समाप्त कर भारतीय न्याय संहिता के नए युग का उदय हुआ है। उन्होंने कहा कि इन कानूनों के आधार में दंड की जगह न्याय और हमारे संविधान द्वारा देश के गरीब से गरीब नागरिक को दिए गए अधिकार की रक्षा सुनिश्चित करना है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि पहले जमानत न मिल पाने के कारण अपराधी सालों तक बिना सज़ा के जेल में रहते थे लेकिन अब उन्हें एक तिहाई सज़ा समाप्त होने के बाद पुलिस स्वयं अपील कर छोड़ देती है। श्री शाह ने कहा कि पहले हरियाणा में दोष सिद्धि दर लगभग 40 प्रतिशत थी, लेकिन नए कानूनों के आने के बाद अब दोष सिद्धि की दर दो गुना होकर 80 प्रतिशत से अधिक हो गई है।

श्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा दिए गए Citizen First, Dignity First और Justice First के तीन आधारों पर नए कानून बने हैं। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी ने भारत में कई क्षेत्रों में सुधार किए हैं लेकिन 21वीं सदी का सबसे बड़ा सुधार हमारी आपराधिक न्याय प्रणाली के तीन नए कानून हैं। उन्होंने कहा कि आज हमारी पुलिस डंडे की जगह डाटा और थर्ड डिग्री की जगह साइंटिफिक एविडेंस पर काम कर रही है। कानूनों के माध्यम से पुलिस, जेल, न्यायपालिका, अभियोजन और फॉरेंसिक के पांचों स्तंभों को ऑनलाइन जोड़ दिया गया है। श्री शाह ने कहा कि नए कानूनों में महिलाओं और बच्चों के लिए अलग चैप्टर की व्यवस्था है। E-FIR और ज़ीरो FIR की व्यवस्था होने से आज बहन बेटियों को थाने नहीं जाना पड़ता। सभी ज़ब्ती की वीडियोग्राफी अनिवार्य कर दी गई है और इसकी चेन ऑफ कस्टडी भी सुनिश्चित कर दी गई है। इसके साथ-साथ, सात साल से अधिक सज़ा वाले सभी अपराधों में फॉरेंसिक जांच अनिवार्य कर दी गई है।

केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों में पहली बार आतंकवाद, संगठित अपराध और मॉब लिंचिंग आदि को परिभाषित किया गया है। साथ ही पुलिस, न्यायपालिका और अभियोजन तीनों के लिए समयसीमा का निर्धारण भी पहली बार किया गया है। उन्होंने कहा कि पहली बार देश छोड़कर भागे हुए अपराधियों के लिए Trial in Absentia का प्रावधान किया गया है। श्री शाह ने कहा कि नए आपराधिक कानूनों के अमल में आने का एक साल पूरा होने पर 60 दिनों में लगभग 53 प्रतिशत FIR की चार्जशीट और 90 दिनों में 65 प्रतिशत की चार्जशीट दाखिल हुई। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 71 प्रतिशत चार्जशीट 60 दिनों में और 83 प्रतिशत चार्जशीट 90 दिनों में दाखिल हुई, जो बताता है कि हमें शुरूआती सफलता मिली है।

श्री अमित शाह ने कहा कि भारत सरकार के गृह मंत्रालय ने सघन प्रशिक्षण कार्यक्रम के ज़रिए 14 लाख 80 हज़ार पुलिसकर्मियों, 42 हज़ार जेल अधिकारियों, कोर्ट से जुड़े 19 हज़ार और लोक अभियोजन से जुड़े 11 हज़ार लोगों को प्रशिक्षित किया।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा दिए गया स्वदेशी का नारा 2047 में महान भारत की रचना करने वाला है। उन्होंने कहा कि अगर 140 करोड़ हिंदुस्तानी सभी चीज़ें हमारे देश में बनी हुई खरीदें तो भारत दुनिया का सबसे बड़ा बाज़ार बन जाएगा और हमारी अर्थव्यवस्था आगे बढ़ेगी। श्री शाह ने कहा कि भारत 2047 में हर क्षेत्र में दुनिया में पहले स्थान पर होगा और इसका रास्ता स्वदेशी और आत्मनिर्भरता से होकर गुज़रता है। देश मे ही उत्पादन करना और उत्पादन बढ़ाने के साथ-साथ हर भारतीय द्वारा देश में बनी चीज़ों को खरीदना ही भारत को दुनिया में सर्वोच्च स्थान पर पहुंचाने का मंत्र है। श्री शाह ने कहा कि हरियाणा के सभी लोग दीपावली के दिन यह संकल्प लें कि उनका परिवार देश में बनी हुई चीज़ों का ही उपयोग करेगा तो इससे प्रधानमंत्री मोदी जी का स्वदेशी का संकल्प सिद्ध होगा।

***

**आरके / वीवी / आरआर/पीआर**

(Release ID: 2174582) Visitor Counter : 14